हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 जुलाई 2026

04 बीमार बच्चों का विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल...



07 जिला मुख्यालय पर सोनम वांगचुक के समर्थन में...






**खबर संक्षेप**



### जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बड़तूमा मे पौधरोपण किया गया

**सागर।** जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के तत्वावधान मे मकरोनीया ब्लॉक अंतर्गत वार्ड नंबर 18 सबरी वार्ड बड़तूमा एवं महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव पार्षद सीमा कमल चौधरी के नेतृत्व मे बड़तूमा शमशान घाट मे पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पौधरोपण मे सागर ग्रामीण कांग्रेस संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष जतिन चौकसे, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सबरी वार्ड नंबर 18 बड़तूमा अध्यक्ष कमल चौधरी, सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष संजय रोहिदास, पूर्व पार्षद राजू डिस्क, इंद्रभूषण तिवारी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष पं. जय पाराशर, आउट सोर्स कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष विजय पाराशर, अजय अहिरवार, शंकर दाऊ, रज्जू अहिरवार, फ़ारूक़ खान आदि ने नीम, शीशम आंवला, जामुन के पौधे रोपे।

### नीट में अनुपम हजारी ने 603 अंकों के साथ सफलता प्राप्त की



**सागर।** शिवाजी नगर वार्ड के वैशाली नगर निवासी अनुपम हजारी ने नीट 2026 की परीक्षा में 603 अंक के साथ सफलता प्राप्त की है। अनुपम ने परीक्षा में 8994 ऑल इंडिया रैंक और अपनी कैटेगरी में 3794 ऑल इंडिया रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता के साथ ही अनुपम ने मध्य प्रदेश के प्रथम शीर्ष शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने की पात्रता भी हासिल कर ली है। अनुपम के पिता शिवकांत हजारी मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं, तथा उनकी माता विनीता हजारी गृहणी हैं। अनुपम की इस बेहतरीन उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों और सभी शुभचिंतकों में काफी हर्ष का माहौल है।

### कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने जय पाराशर

**सागर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर फ़िल्मि अभिनेता जय पाराशर को नियुक्त किया है। नवनियुक्त सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जय पाराशर ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है । उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, सागर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा तथा संगठन महामंत्री ग्रामीण आशीष ज्योतिषी का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विश्वास और मार्गदर्शन से उन्हें संगठन की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। जय पाराशर ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, अधिक से अधिक युवाओं और कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है और कार्यकर्ताओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

**निगमायुक्त ने डेयरी संचालन व पशुओं के विचरण पर 5 हजार रुपए जुर्माना करने के निर्देश दिए**

# डेयरी विस्थापन परियोजना में आवंटित प्लॉट पर पशु शिफ्ट नहीं करने वाले डेयरी संचालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित डेयरियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना में प्लॉट आवंटित होने व सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद भी अपने पशुओं को वहां शिफ्ट नहीं करने वाले डेयरी संचालकों पर अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे डेयरी संचालकों के पशु यदि नगर निगम सीमा क्षेत्र में पाए गए अथवा सड़कों पर विचरण करते हुए मिले तो संबंधित पशु मालिकों पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा तथा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र को पशु विचरण मुक्त क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद डेयरी संचालक शहर के भीतर ही डेयरियों का संचालन कर रहे हैं, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शहर की सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं के विचरण से यातायात बाधित होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। नागरिकों की सुरक्षा और शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अब नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेयरी संचालकों की सुविधा के लिए हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना विकसित की गई है तथा पात्र डेयरी संचालकों को वहां प्लॉट भी आवंटित किए जा चुके हैं। इसके बावजूद यदि कोई संचालक अपने पशुओं को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित नहीं करता है तो यह शासन की योजना और निर्धारित नियमों की अवहेलना मानी जाएगी। ऐसे मामलों में आर्थिक दंड के साथ-साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

निगमायुक्त ने सभी डेयरी संचालकों से अपील की है कि वे तत्काल अपने पशुओं को हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना में स्थानांतरित करें और शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग दें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार नियमों की अनदेखी करने वाले डेयरी संचालकों के विरुद्ध आवंटित प्लॉट निरस्त करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि डेयरी विस्थापन परियोजना का उद्देश्य शहर को आवारा पशुओं से मुक्त करना, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर निगरानी की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई की जाएगी।



### 33 तीर्थयात्री ऋषिकेश हरिद्वार तीर्थ यात्रा हेतु रवाना

गढ़ाकोटा। मध्यप्रदेश शासन की तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गढ़ाकोटा नगर के 33 तीर्थयात्री को रविवार सुबह ऋषिकेश हरिद्वार यात्रा के लिए गणनायक से सभी तीर्थयात्रियों को विधायक गोपाल भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फूल माला पहनाकर, एवं श्रीफल भेंट कर बस द्वारा बीना रेलवे स्टेशन तक रवाना किया। एवं बीना से यात्री ट्रेन द्वारा ऋषिकेश हरिद्वार पहुंचेंगे। भार्गव ने और उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं परिजनों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि श्रद्धालुओं एवं उनके परिजनों के चेहरों पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐसे धार्मिक एवं जन कल्याणकारी प्रयास समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। पुष्प वर्षा की। प्रभु से प्रार्थना है कि सभी श्रद्धालुओं की यात्रा शुभ, सुरक्षित एवं पुण्यदायी हो तथा वे दिव्य दर्शन कर स्वस्थ एवं सकुशल अपने घर लौटें।

### खुरई विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों पर 8.5 करोड़ की लागत से तीन पुलों के निर्माण की स्वीकृति

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण ने खुरई विधानसभा क्षेत्र में 849.84 लाख की लागत से तीन क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। मप्रग्रासवि. प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश के अनुसार खुरई क्षेत्र के बेसरा तिगड्डा से दुगांहाकलां के मध्य क्षतिग्रस्त पुल का 134.94 लाख की लागत से निर्माण होगा। इसी प्रकार तोड़ाकाछी से बरोदिया नौशाद के मध्य स्थित पुल का 237.07 लाख की लागत से तथा बिसराहा से रतनपुर के मध्य 477.82 लाख की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इन तीनों पुलों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने पुलों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया है।



**गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम छुल्ला में ऐतिहासिक निर्णय**

## सुहागरानी की श्रद्धांजलि सभा में मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

गढ़ाकोटा तहसील अंतर्गत ग्राम छुल्ला में स्व सुहागरानी मुकद्दम, धर्मपत्नी द्वारका मुकद्दम की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सादगी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक, परिजन, रिश्ते दार तथा क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में सुहागरानी के सरल, मिलनसार, सेवाभावी एवं सामाजिक व्यक्तित्व को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज और परिवार के प्रति समर्पण का प्रतीक था। कुर्मी क्षत्रिय समाज छुल्ला के अध्यक्ष महेश टुटिया ने समाज से भावपूर्ण अपील करते हुए कहा कि मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में होने वाला अनावश्यक खर्च अनेक परिवारों पर आर्थिक बोझ बन जाता है। यदि समाज सामूहिक रूप से इन कुरीतियों का त्याग करेगा तो परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होंगे तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और नई पीढ़ी के उज्वल भविष्य पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा आज हम सभी यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि मृत्यु भोज सहित समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का कार्य करेंगे। सामाजिक सुधार की शुरुआत स्वयं से करें और आने वाली पीढ़ी के लिए एक जागरूक एवं सशक्त समाज का निर्माण करें। सभा में उपस्थित समाजजनों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता में निहित है। श्रद्धांजलि सभा में शारदा मुकद्दम, राजेंद्र मुकद्दम, रवि मुकद्दम, भूपेंद्र मुकद्दम, विजय मुकद्दम एवं ओमप्रकाश मुकद्दम सहित समस्त मुकद्दम परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद कुर्मी सहित क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और सामाजिक सुधार के इस निर्णय का समर्थन किया।

## क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया ने किया सेवानिवृत व वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



मध्यप्रदेश शासन मध्य प्रदेश में स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया द्वारा विकास खंड के वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में एक गुरू एक वृक्ष अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया साथ ही स्कूली बच्चों को मध्यप्रदेश शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क साईकिल प्रदान की गई। विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा 15 से 29 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े अंतर्गत विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में पखवाड़ा अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विकास खंड के सेवानिवृत एवं वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, अतिथि सत्कार के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक बृज बिहारी पटैरिया ने कहा कि पीएमश्री एवं संदीपनि विद्यालय के माध्यम से भारतीय संस्कृति के अनुरूप प्रतिस्पर्धी शिक्षा व्यवस्था आरंभ की गई जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। उन्होने कहा कि अंग्रेजी उपनिवेश द्वारा लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को लागू कर भारतीय संस्कृति के अनुरूप सदियों से चली आ रही शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य किया गया ताकि भारत में अग्रेजी शासन बना रहे । इस कुव्यवस्था में सुधार के लिए कई संशोधन किये गये है।

उन्होने कहा कि पूर्व वक्ताओं ने देवरी नगर में बंद हो रहे सरकारी स्कूलों पर चिंता व्यक्त की है कि शिक्षक कहा जाए परंतु सवाल यह होना चाहिए कि प्रभावित विद्यार्थी कहा जाये। उन्होने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि मुख्यालय पर कन्या हायर सेकेण्डरी के समान ही एक बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल आरंभ हो ताकि प्रभावित बच्चों को एक संस्थान मिल सके। उन्होने अपने संबोधन में सांदीपनि विद्यालय में मांग अनुरूप आवश्यक सुविधाये सुनिश्चत करने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक द्वारा विकासखंड के सेवानिवृत एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुष्पहार एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मध्यपद्रेश शासन की निशुल्क साईकिल एवं पाठ्य पुस्तक वितरण योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों को साईकिल एवं पुस्तके प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में शाला परिसर में अतिथियों द्वारा एक गुरू एक वृक्ष अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला प्राचार्य सुनील बड़ेरिया एवं विद्यालयीन शिक्षकों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शुभांक गुप्ता, गर्ल्स हायर सेकेण्डरी प्राचार्य अजय नगरिया, महाराजपुर प्राचार्य विजय धुबे, व्याख्याता कमलेश तिवारी, नरेश पाण्डेय, अनिल, ढिमोले, राजाराम दामले, प्रीतम सिंह राजपूत, राघवेन्द्र मिश्रा, अशोक पटैल, कैलाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत एवं वरिष्ठ शिक्षक, अभिभावक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



### 40 मरीजों को उपचार हेतु भोपाल भेजा

**गढ़ाकोटा।** 40 मरीजों को उनके 46 परिजनों सहित कुल 86 लोगों को उपचार हेतु भोपाल रवाना किया गया। कैंसर, हृदय, लीवर सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों से पीड़ित इन मरीजों के बेहतर उपचार की व्यवस्था मेरे माध्यम से निरंतर कराई जा रही है। रविवार भेजे गए मरीजों में बहुत कम उम्र के मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार हेतु वेदिका फाउंडेशन के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को वातानुकूलित बस एवं एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल भेजा गया है। आज रात्रि विश्राम हेतु सभी को भोपाल स्थित बंगले पर ठहराया जाएगा, जहाँ उनके भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि उपचार के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो और वे पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने परिवारों के बीच सकुशल लौटें। यही हमारी सेवा का संकल्प और सबसे बड़ा पुरस्कार है।



### साई व्रतम कथा के माध्यम से अध्यात्म सेवा, प्रेम और संस्कार की सीख दी

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा की कृपा से रविवार को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में 'साई व्रतम कथा' का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया। इसमें सभी भक्तों का और सेवारा सेवारी भजन मंडली से आए 25 भक्तों सहित 110 से ज्यादा भक्त शामिल हुए। सत्य साई सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में कथा कर्ता जिला शैक्षणिक प्रभारी प्रीति चतुर्वेदी और मुख्य यजमान सागर समिति संयोजक जितेंद्र जीत सिंह यादव और पत्नी निशा यादव बने। साई व्रतम कथा के माध्यम से अध्यात्म, प्रेम, सेवा और संस्कार की सीख दी गई। इस दौरान सुषमा भट्ट, आध्यात्मिक प्रभारी यशा भट्ट, नविता यादव, समिति सेवा प्रभारी ऋषिका विश्वकर्मा, भाव्या शर्मा ने कथा अध्याय का वाचन किया। रेखा मुखारया ने प्रतिदिन ग्रुप पर आने वाले वाले संदेश को न केवल प्रसारित करने, पढ़ने अपितु उसका पालन अमल में दिखने की बात पर जोर दिया। जिला आध्यात्मिक प्रभारी कीर्ति दुबे ने अष्टोत्तरशत नामावली का वाचन व सबके सहयोग से आगे भी नए-नए सफल आयोजन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ देवेंद्र मुखारया, जिला युवा शाखा प्रभारी प्रिया विश्वकर्मा, आध्यात्मिक प्रभारी प्रेम चतुर्वेदी, सेवा प्रभारी सुरेश साहू, प्रियंका शर्मा, खूब सिंह ठाकुर, राजू प्रजापति, नैनसी यादव, संदीप शिंदे, सचिन ठाकुर, गोविंद पटेल, विधाता दुबे, सत्यम यादव, अनमोल दुबे, काव्यांश यादव, नवीन यादव, निशांत यादव, पार्थ यादव आदि भक्त उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष शर्मा ने प्रेम वाहिनी रथ, प्रांत स्तरीय सेवा साधना शिविर, खुरई में आपदा प्रबंधन और जागरुकता शिविर और साई व्रतम के सफल आयोजन पर सभी समिति और मंडलियों का आभार माना और साई साहित्य अध्ययन करने से सेवा और प्रेम के मार्ग पर संकल्पित होने की बात कही।

**स्वामी विवेकानंद स्विमिंग पूल, चंद्रशेखर आजाद पार्क, सहित फिश एंड मीट मार्केट का लोकार्पण**

# रहली नगर को मिली करोड़ों रुपए की सौगात, 50 बेड का अस्पताल सात डाक्टरों सहित हुआ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली




कॉलेज रोड स्थित गोपाल जी परिसर में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद स्विमिंग पूल, चंद्रशेखर आजाद पार्क सहित फिश एंड मीट मार्केट का हुआ लोकार्पण विधायक एवं मुख्य अतिथि गोपाल भार्गव और कार्यक्रम के अध्यक्ष नपा अध्यक्ष देवराज सोनी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि गोपाल भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको लोकार्पित हुए स्विमिंग पूल में गढ़ाकोटा की तरह सिर्फ 50 रुपए निर्धारित किया जाए। भार्गव ने कहा कि बड़े होटलों में एक बार के नहाने के हजारों रुपए चार्ज होता हे। हम सिर्फ 50 रुपए के शुल्क पर आपको सुविधा उपलब्ध कराएंगे। नगर में हुए शानदार निर्माण कार्यों को लेकर नपा अध्यक्ष देवराज सोनी सीएमओ धनंजय गुमास्ता सहित सभी अधिकारी कर्मचारी और परिषद की तारीफ करते हुए कहा कि,यह सभी भवन, पार्क और अन्य सुविधाएं आपको समर्पित हे, बस इनकी रक्षा करना आपका दायित्व हे। भार्गव ने क्षेत्र में कराए विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए नपा अध्यक्ष की मांग पर करीब 4 करोड़ रुपए के और निर्माण कार्यों की स्वीकृति देते हुए घोषणा की।साथ ही 50 बेड का अस्पताल और 7 डाक्टरों की स्वीकृति मिलने पर सभी नगरवासियों को बधाई दी।

नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने कहा कि 12सो साल की जिंदगी के लिए सो साल जीना जरूरी नहीं हे, जीवन में एक ही तमन्ना हे एक ही दुआ हे कि कुछ ऐसे काम कर जाऊ कि जब दुनिया से विदा हो तो सो साल तक जनता याद रखे।आज स्विमिंग पूल, मीट मार्केट,और चंद्रशेखर पार्क का भैया ने लोकार्पण किया हे। धार्मिक इस नगर में जगह जगह सार्वजनिक रूप से मीट मछली का विक्रय होता हे। नगर के लोगों ने इस पर आपत्ति की। बजरंग दल के आदेश अग्निहोत्री, विभिन्न समाज के लोगों ने इन दुकानों से आ रही दुर्गंध से होने वाली परेशानी को बताया, तो भैया को अवगत कराया कि नगर से बाहर एक जगह मीट मार्केट बनाया जाए। उन्होंने तुरंत एक करोड़ से निर्मित होने वाले मीट मार्केट की स्वीकृति दी।जिसका आज लोकार्पण किया गया हे।

कार्यक्रम का संचालन महेश यादव ने किया कार्यक्रम में पार्षद, पवन नायक, अमित नायक, प्रियेश पटेरिया, उपाध्यक्ष ठलू माते, सुरेश राठौर, शैलेन्द्र सोनी, राजेंद्र ठाकुर, मस्तु खान, विक्रम ठाकुर सहित तहसीलदार राजेश पांडे, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए गढ़ाकोटा नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि भैया भार्गव जी से जनहित के काम बताते ही तुरंत स्वीकृति प्रदान कर देते हे।

## महिलाओं ने 200 मीटर मानव श्रृंखला बना कर जल शक्ति मंत्री पर की पुष्प वर्षा

# घर-घर नल से जल पहुंचा रही सरकार, जल संरक्षण कर पहुंचाएं योजना का लाभः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य में जुटी राज्य सरकार अब परियोजनाओं को पूरा कर मिशन मोड में ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने जुट गई है। इसी के तहत शनिवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ललितपुर के तालबेहट ब्लॉक के तिन्द्रा गांव में जल अर्पण कार्यक्रम कर ग्रामवासियों को नल से जल पहुंचाने वाली इस योजना की कमान सौंपी। कभी पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने वाले ग्रामवासी अपने हाथों में पानी की सप्लाई की कमान पाकर बेहद भावुक नजर आए। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वो अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण करेंगे। जिससे पानी के जो दुख और संकट उन्होंने झेला, वो उनकी आने वाली पीढ़ियों को न भुगतना पड़े। तालबेहट ब्लॉक के तिन्द्रा गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि राज्य सरकार घरों तक नल से जल की सप्लाई के साथ-साथ परिवारों को फ्री में राशन, घर तक बिजली, पक्की सड़क, किसान सम्मान निधि और बच्चों को पोषण आहार की सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नल से जल आप लोगों के घरों तक पहुंचा दिया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप पानी का इस्तेमाल भी करें और संरक्षण भी करें। जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसी तरह घर तक पानी की सप्लाई मिलती रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव समेत राज्य सरकार व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

### गांव-गांव पहुंच रही जल जीवन मिशन की टीम

कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि वो और जल जीवन मिशन की पूरी टीम गांव-गांव जाकर जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत जान रही है। यह सुनिश्चित कर रही है कि हर घर तक नल से जल पहुंचे। इसमें किसी भी तरह का भेदभाव न हो। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने ग्रामवासियों से पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री के द्वारा सभी को हाथ उठाकर जल संकल्प-जल प्रतिज्ञा दिलायी गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल कुशवाहा, सदर विधायक रामरतन कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि हर घर जल योजना ललितपुर सहित समूचे बुन्देलखण्ड के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके लिए उन्होंने जलशक्ति मंत्री सहित केन्द्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

### आपबीती बताते हुए भावुक हुईं महिलाएं और ग्राम प्रधान

जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने जल जीवन मिशन योजना आने से पहले के अपने अनुभवों को भी साझा किया। गांव की महिलाओं ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पहले हमें पानी के लिए 2 से 3 किलोमीटर तक पैदल चलकर पानी लाना पड़ता था। जिसकी वजह से न हम परिवार को समय नहीं दे पाते थे। पानी की कमी के चलते कई बार गर्मियों में पलायन तक करना पड़ता था। मगर अब घर-घर नल से जल पहुंचने से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों में सुधार हुआ है। गर्मियों के दौरान भी पानी की सप्लाई गांवों में हो रही है। उन्होंने हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जल जीवन मिशन की पूरी टीम को धन्यवाद दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ने कहा कि जल जीवन मिशन के जरिए घर-घर तक पानी की सुविधा मुहैया हो रही है। पहले महिलाओं को दूर-दूर तक जाकर पानी लाना पड़ता था। आज जल जीवन मिशन योजना की देन है कि आज हर घर तक नल से जल पहुंच रहा है। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्र, सिंचाई खण्ड के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, शैलेन्द्र एवं भूपेश सुहेरा, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अरुण कुमार बौद्ध, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्ञापन देकर उठाई दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर सपा छात्रसभा ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



समाजवादी छात्रसभा ने ग्राम धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को कथित रूप से गुणवत्ताहीन भोजन दिए जाने से चार दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगडने के मामले को लेकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने ज्ञापन में कहा कि अटल आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही बरती गई। आरोप है कि विद्यालय में मानकों के विपरीत एवं गुणवत्ताहीन भोजन परोसा गया, जिसके कारण लगभग चार दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं अचानक बीमार हो गए। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर और जांच का विषय है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो। सपा छात्रसभा ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में समाजवादी पार्टी की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अभिलाषा कुशवाहा, नरेंद्र सिंह राजपूत, नीतू शर्मा, संजय रजक, रवि खटीक, दीपक सेन, राजेश झा, हरनाम सिंह, अनुज लोधी, अखिलेश, अंकुश कुशवाहा, महिपाल यादव, संजीव राजपूत, अनस अहमद, अजय राजपूत, रुचि यादव, सुभी यादव, अभिषेक, सुशील रैकवार, दीपेंद्र, शिवेंद्र, करन, विक्की रजक, यागवेंद्र यादव, रविन्द्र कुशवाहा, अभि जैन, राघवेंद्र रजक, अजय यादव, अमित राजपूत, मोहित और हेमंत सहित बड़ी संख्या में समाजवादी छात्रसभा एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीमार बच्चों का विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने जाना हाल-चाल



**ललितपुर।** अटल आवासीय विद्यालय, धौर्रा में बच्चों की तबीयत बिगडने की दुखद घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती बच्चों का हाल-चाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संगठन के पदाधिकारियों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की आवश्यकता बताई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के संगठन मंत्री अमनजी, जिला प्रसार प्रमुख डग्गी राजा, जिला संयोजक संजू, जिला बलोपासना प्रमुख सौरभ, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अंशुल, प्रखंड सह संयोजक सौरभ रजक, नगर संयोजक विनीत तिवारी, नगर विद्यार्थी प्रमुख मोहित रैकवार, दीपक कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सभी बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

### 49 बच्चों के बीमार होने पर ठेकेदार, सुपरवाइजर और सफाई एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में दूषित भोजन खाने से 49 छात्र-छात्राओं के बीमार होने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजन आपूर्ति करने वाली फर्म, उसके प्रबंधक, सुपरवाइजर तथा सफाई व्यवस्था संभाल रही एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सभी बीमार बच्चों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा थाना जाखलौन में दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत 707 छात्र-छात्राओं के भोजन की व्यवस्था का ठेका मेसर्स शालू एसोसिएट को दिया गया था। आरोप है कि फर्म के सुपरवाइजर जयसिंह कुशवाहा द्वारा खाद्य सामग्री एवं सब्जियों के रख-रखाव में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे तैयार भोजन दूषित हो गया और उसे खाने के बाद 16 जुलाई को 49 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट दर्द, उल्टी एवं अन्य शिकायतें होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर के आधार पर मेसर्स शालू एसोसिएट के प्रबंधक ब्रजकिशोर (अयोध्या), सहयोगी फर्म मेसर्स जय अंबे फूड्स प्रोडक्ट्स, झांसी प्रबंधक सुभाष गुप्ता, सुपरवाइजर जयसिंह कुशवाहा (शिवपुरी, मध्य प्रदेश) तथा मैस की साफ-सफाई का कार्य देख रही मेसर्स निर्मल फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस प्रा. लि. लखनऊ के प्रबंधक प्रवीण टंडन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि भोजन सामग्री के रख-रखाव में लापरवाही के साथ-साथ मैस परिसर की साफ-सफाई भी मानकों के अनुरूप नहीं थी।

## पीडीए संगठन मिलन समारोह में बूथ मजबूती पर सपा का जोर

# आधा दर्जन नेताओं ने थामा सपा का दामन

**ललितपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने शनिवार को इलाईट चौराहा स्थित अमर पैलेस में पीडीए संगठन मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। इस दौरान ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा क्षेत्रों के बूथ, सेक्टर तथा बूथ अध्यक्षों और सदस्यों के साथ संवाद कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत की कुंजी मजबूत बूथ संगठन है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे, जिससे प्रदेश में विकास और खुशहाली का नया दौर शुरू होगा। समारोह में पूर्व विधायक फेरन लाल अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष भजन लाल कुशवाहा, जिला महासचिव डॉ. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अभिलाषा कुशवाहा तथा महरौनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामविलास रजक, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया सहित कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव की तैयारियों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आए करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। इस दौरान राजकुमारी गौतम, तुलसीराम अहिरवार, मोहन घायल, अनवर खान, हरीसिंह यादव, निर्भान सिंह, मक्खन सिंह, राजेश यादव जय गुरूदेव, सोन सिंह यादव, अरशद मंसूरी, रूचि यादव, शुभि यादव, नरेन्द्र सिंह राजपूत, गौरव विश्वकर्मा, प्रमोद इमलिया, राममूर्ति तिवारी, शहरोज खान, हुकुम सिंह सहित अनेक सपा नेता मौजूद रहे।

**सपा जिलाध्यक्ष का मनाया जन्मदिनः** पीडीए संगठन मिलन समारोह के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव को पगड़ी पहनाते हुए केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं आभार जताया। अन्य पार्टियों को छोड़कर आए करीब आधा दर्जन लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। यह सदस्यता पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव महेन्द्र झां ने जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के समक्ष ग्रहण करायी। वहीं सपा में शामिल हुए नेता शिवशंकर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, हरीशंकर झा, भगवानदास झा, तुलसीराम झा, कुलदीप झा, सत्यम झा, धर्मेन्द्र झा ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## राज्य महिला आयोग सदस्य करेंगी जनचौपाल

# महिला उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए जनसुनवाई 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 22 जुलाई को प्रातः 11 से मा सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के द्वारा लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई की जाएगी, साथ ही महिला कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार व महिला अधिकारों की जानकारी हेतु विकास खंड जखौरा के ग्राम हर्षपुर में दोपहर 2 बजे से जनचौपाल भी करेंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जनसुनवाई में शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ, मोबाइल नं, अपना आईडी प्रूव जैसे आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य लेकर आयें।

## डीएम ने कई शिकायतें निपटाई

# जनसामान्य को उनकी समस्याओं के प्रभावी निस्तारण का दिलाया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जनता के बीच पहुंचकर त्वरित व प्रभावी निस्तारण कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शनिवार को सदर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दूरदराज से आये शिकायतकर्ताओं को अपने पास बुलाकर सुना और पूरी गंभीरता के साथ सम्बंधित अधिकारियों को वहीं मंच पर बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराया और जिन शिकायतों का तत्काल निस्तारण सम्भव नहीं था, उनके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम तैयार कर मौके पर जाकर शिकायतों का प्रभावी व समयबद्ध निस्तारण कराने के सख्त निर्देश दिये। अधिकारी/कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि समस्या का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा और उन्हें अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, तो वही उन्होंने अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिये कि आमलोगों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए उनकी समस्या का त्वरित संज्ञान लेकर अपने स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

### संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील तालबेहट में 88 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 33, पुलिस के 21, पूर्ति के 06, विद्युत के 05, विकास के 03 तथा अन्य विभागों के 20 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 16 का निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में 44 शिकायती पत्र प्राप्त हुए,राजस्व विभाग के 12, पुलिस के 06, विद्युत के 06 तथा अन्य विभागों के 20 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 04, चकबंदी का 01, पूर्ति का 01 तथा नगर पंचायत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील मड़ावरा में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 09, पुलिस के 06, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, पुलिस के 03, चकबंदी के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# लोन के नाम पर पांच लाख की धोखाधड़ी का आरोप, तीन पर मुकदमा दर्ज किया

**ललितपुर।** निजी फाइनेंस कंपनी से लोन लेने वाले एक व्यापारी ने कंपनी के अधिकारियों और ब्रोकरों पर अमानत में रखे गए हस्ताक्षरित चेकों का दुरुपयोग कर खाते से पांच लाख रुपये निकालने तथा बाद में मकान कुर्क कराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस स्तर पर कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम पनारी (मदर टेरेसा के पास) निवासी कालीचरन पुत्र तुलसीराम साहू ने बताया कि उन्होंने अपने व्यापार के विस्तार के लिए इलाइट चौराहा स्थित शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से लोन लिया था। आरोप है कि कंपनी ने उनकी पत्नी के मकान को बंधक रखकर 15 दिसंबर 2023 को उनके खाते में 7,12,670 रुपये की लोन राशि ट्रांसफर की। आरोप है कि लोन प्रक्रिया के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने औपचारिकता के नाम पर उनके एसबीआई खाते के 12 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक अपने पास रख लिए। अगले ही दिन दो चेकों के माध्यम से 2.50- 2.50 लाख रुपये, पांच लाख रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त राशि हेमंत पुरोहित के माध्यम से निकाली गई।

## पुलिस में शिकायत का खामियाजा भुगतना पड़ा

# दबंगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया, घायल झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किए

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुरा में पुलिस में शिकायत करने से नाराज दबंगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि पांच लोग लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आए और पिता-पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खुरा निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र इमरत सिंह ने बताया कि 15 जुलाई की सुबह करीब छह बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी गांव के गोरेलाल, आजाद (दोनों पुत्र बादाम सिंह), बादाम सिंह पुत्र इमरत सिंह तथा भरत व सुनील (दोनों पुत्र मेघराज) लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि शिकायत करने का अंजाम भुगतना पड़ेगा। विरोध करने पर आरोपियों ने त्रिलोक सिंह और उनके पुत्र कृपाल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी हरगोविंद कुशवाहा मौके पर पहुंचे और डायल-112 पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ललितपुर से पृथक बुंदेलखंड राज्य की हुंकार, आंदोलन को नई धार देने का आह्वान

# पूर्व सांसद गंगाचरण ने छेड़ा राज्य दो और वोट लो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पृथक बुन्देलखण्ड राज्य की मांग को लेकर शनिवार को ललितपुर में आयोजित बैठक में आंदोलन को नई धार देने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने कहा कि अब समय आ गया है कि बुन्देलखण्ड की जनता अपने अधिकार के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करे। उन्होंने घोषणा की कि अब पूरे क्षेत्र में राज्य दो और वोट लो अभियान चलाया जाएगा और चुनाव के दौरान जनता हर प्रत्याशी से अलग बुन्देलखण्ड राज्य पर स्पष्ट रुख पूछेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि बुन्देलखण्ड की पहचान उसकी भाषा, संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली परंपराओं से है। उन्होंने ललितपुर की वीर भूमि, यहां के क्रांतिकारियों और भगवान महावीर के सिद्धांतों को नमन करते हुए कहा कि आगामी चुनाव लोकतंत्र का पर्व ही नहीं, बल्कि बुन्देलखण्ड के अधिकार का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि जैसे विवाह में नेंग मांगा जाता है, उसी प्रकार बुन्देलखण्ड की जनता सरकार से नेग के रूप में केवल अपना पृथक राज्य चाहती है। बैठक की अध्यक्षता रघुनाथपुरा ग्राम प्रधान अभय चौबे ने की, जबकि संचालन एड.भरत सिंह राजपूत ने किया। राजीव गांधी खेल रत्न सम्मानित रेणु गोस्वामी, एड.पुष्पेन्द्र लोधी, अहमद हसन, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, बुमुमो केन्द्रीय उपाध्यक्ष नवनीत किलेदार, बुमुमो जिलाध्यक्ष विवेक व्यास, हरीबाबू शर्मा तथा गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इसके अलावा शिवाकांत, रेशु चौबे, अमित सैनी, अभय मिश्रा (धवारी), मोहसिन पठान, रवि मिश्रा, नीलेश तिवारी, एड. विकास झा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पत्रकार, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में पृथक बुन्देलखण्ड राज्य की मांग को मजबूत करने और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### टिकट कट जाए तो भी मंजूर लेकिन राज्य बनना चाहिए

गंगाचरण राजपूत ने भावुक अंदाज में कहा कि बुन्देलखण्ड राज्य आंदोलन के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया है और कई बार लाठीचार्ज भी झेला है, जिसका दर्द आज भी महसूस होता है। उन्होंने कहा कि यदि इस मांग को उठाने के कारण उनके बेटे का टिकट भी कट जाए तो उन्हें कोई अफसोस नहीं होगा। उन्होंने कहा, बेटे का टिकट काटना है तो काट दो, लेकिन बुन्देलखण्ड राज्य बनवाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि अब पहले की तरह सड़कों पर लाठियां खाने की उम्र नहीं रही, इसलिए आंदोलन की रणनीति बदली गई है। अब जनता वोट मांगने आने वाले नेताओं से केवल एक ही सवाल करेगी कि वह पृथक बुन्देलखण्ड राज्य के पक्ष में हैं या नहीं।

### अलग राज्य बनने से रुकेगा पलायन

पूर्व सांसद ने कहा कि बुन्देलखण्ड वर्षों से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा है। रोजगार, उद्योग, शिक्षा और सिंचाई के पर्याप्त संसाधन न होने के कारण यहां के युवाओं को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है। उनका कहना था कि यदि पृथक बुन्देलखण्ड राज्य का गठन होता है तो स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा। वक्ताओं ने कहा कि पृथक बुन्देलखण्ड राज्य केवल राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, युवाओं के भविष्य और बुन्देलखण्ड की अस्मिता से जुड़ा जनआंदोलन है। गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाकर आम जनता को जोड़ा जाएगा।

### 2018 बैच के आईपीएस अफसर है रहमान,श्योपुर में बतौर एसपी मिली दूसरी पदस्थापना

# सुधीर कुमार का तबादला, मोती उर रहमान होंगे श्योपुर के नए एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल का ट्रांसफर हो गया है। उन्हें अब टीकमगढ जिले का पुलिस अधीक्षक बना दिया गया है। उनकी जगह मोती उर रहमान को श्योपुर जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। मोतीउर रहमान 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी है। उन्हें श्योपुर जिले में बतौर एसपी दूसरी पदस्थापना मिली है। इसके पहले वे अनूपपुर जिले में बतौर एसपी पदस्थ रह चुके है। बताया जा रहा है कि नवागत पुलिस अधीक्षक जल्द ही श्योपुर पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लेगे।

2016 बैच के आईपीएस अधिकारी सुधीर कुमार अग्रवाल 11 सितंबर 2025 को एसपी के रूप में श्योपुर जिले में पदस्थ हुए थे और 19 जुलाई को अचानक उनका ट्रांसफर आर्डर जारी हो गया है। इसलिए श्योपुर जिले में उनका कार्यकाल 10 माह 8 दिन रह रहा है। रविवार को पीएचक्यू से जारी तबादला आदेश में उन्हें टीकमगढ जिले में बतौर एसपी नई पदस्थापना दी गई है। टीकमगढ जिला, श्योपुर जिले से पुराना और काफी बडा जिला है। इसलिए विभागीय लोग एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के तबादले को उनके बढे हुए कद के रूप में देख रहे है।



### श्योपुर के 27 वे पुलिस कप्तान होंगे मोती उर रहमान

श्योपुर को जिले बने 28 साल बीत गए है। गुजरे इन 28 सालो में श्योपुर जिले में 26 पुलिस अधीक्षकों की बदली हो चुकी है। 26 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में श्योपुर जिले की कप्तानी संभाल रहे सुधीर कुमार अग्रवाल का तबादला हो गया है तथा 27 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस मोतीउर रहमान की श्योपुर जिले में पदस्थापना की गई है। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मोतीउर रहमान वर्तमान में रीवा जिले में स्थित 9 वीं वाहनी में सैनानी के रूप में पदस्थ है। रीवा में वे मई 2026 से बतौर सैनानी अपनी सेवाए दे रहे है, उनकी श्योपुर जिले में बतौर एसपी दूसरी पदस्थापना है। श्योपुर के पहले वे अनूपपुर जिले में बतौर एसपी पदस्थ रह चुके है। अनूपपुर जिले में एसपी के रूप में उनका पहला कार्यकाल काफी शानदार रहा है। बता दें कि बिहार के भागलपुर जिले में जन्मे मोती उर रहमान आईपीएस अधिकारी बनने से पहले उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से पायलट की ट्रैनिंग ली थी। माना जाता है कि वे मध्य प्रदेश कैडर के पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं जो सिंगल इंजन विमान के पायलट रह चुके हैं।

### कानून व्यवस्था में लाएंगे कसावटः रहमान



श्योपुर के नवागत एसपी मोती उर रहमान ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में कसावट लाई जाएगी। ताकि अपराधी तत्वों में कानून का भय बना रहे और वे सिर नहीं उठा सके। इसके साथही न्याय दिलाने की प्रक्रिया को भी सुलभ बनाएंगे। ताकि पुलिस के पास न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले लोगो को शीघ्रता से न्याय मिल सके। उन्होनें कहा कि पुलिस और आमजन के बीच संबंधों में मधुरता लाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। जिले में अवैध नशा कारोबार सहित कोई गैर कानूनी धंधे चलने नहीं दिए जाएंगे। उन्होने कहा कि वे जल्द ही श्योपुर पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार संभाल लेगे।

### अब तक ये रह चुके है श्योपुर में एसपी

25 मई 1998 को जिला बने श्योपुर में अभी तक जो पुलिस अधीक्षक पदस्थ रह चुके है। उनमें राजेश गुप्ता, रवि गुप्ता, एएस चैधरी, एमके मुदगल, सीएस मालवीय, आरएल बोरना, डीएस कोरबू, अभय सिंह, संजय कुमार, प्रमोद वर्मा, एसके सक्सेना, एमएस सिकरवार, अजित कुमार, डीके सिंह, जितेन्द्र सिंह, एसके पांडे, साकेत प्रकाश पांडे, डॉ. शिवदयाल सिंह, नगेन्द्र सिंह, संपत उपाध्याय, अनुराग सुजानिया, आलोक कुमार, डॉ राय सिंह नरवरिया,अभिषेक आनंद,वीरेन्द्र जैन, सुधीर कुमार अग्रवाल शामिल है।

### रंग लाई वार्ड वासियों ने मिलकर उठाई आवाज

# अब पाली रोड पर जितनी जगह खाली, उतनी जगह पर लगेगे पेवर ब्लॉक, मिलेगी धूल की समस्या से निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के पाली रोड क्षेत्र में एनएन 552 निर्माण कार्य के तहत बंद पडा पेवर ब्लॉक लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। अब पाली रोड पर सीसी सडक और नाले के बीच में जितनी जगह खाली पडी है,उतनी जगह पर पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इस मामले में बार्ड पार्षद लक्ष्मी शिवहरे ने काफी दिनों से बंद पडे इस कार्य के शुरू होने के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं वार्डवासियों के साथ इस मामले में मिलकर किए गए प्रयासों की जीत बताया है।

कांग्रेस नेत्री एवं पार्षद लक्ष्मी शिवहरे ने बताया कि पहले पाली रोड पर पेवर ब्लॉक केवल तीन फीट जगह पर ही लगाए जा रहे थे। ऐसे में कई जगह नाले और सीसी सडक के बीच जगह खाली छूट रही थी और खाली छूट रही जगह पर धूल के गुब्बार उडने से राहगीरो का परेशानी का सामना करना पडता,इसलिए इस मामले में वार्डवासियों के साथ आवाज उठाई और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मामले को रखते हुए मांग उठाई कि पाली रोड पर सीसी सडक और नाले के बीच जितनी भी जगह खाली पडी है,उस पूरी खाली जगह पर पेवर ब्लॉक लगाए जाए। ताकि नागरिको को परेशानी का सामना न करना पडा। पार्षद लक्ष्मी शिवहरे ने बताया कि वार्डवासियों के साथ मिलकर उठाई आवाज रंग ले आई और अब खाली रहने वाली पूरी जगह पर ही पेवर ब्लॉक लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। जिसकारण अब नागरिकों को आगामी दिनो में धूल उडने की समस्या से निजात मिल जाएगी।

### शहर में 6 स्थानों पर लगेंगे शिविर

# आज से आयोजित होंगे पीएम श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से जोड़ने तथा निर्धारित पंजीयन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए नगरपालिका श्योपुर द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत पहला शिविर 20 जुलाई को कौली चौक पर लगाया जायेगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04 एवं 23 के निवासियों की पंजीयन किये जायेंगे।

सीएमओ नरेन्द्र जाटव ने बताया कि योजना के तहत 21 जुलाई को पशु चिकित्सालय में शिविर आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 05, 06, 07 के निवासी अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसी प्रकार 22 जुलाई को हैवी मशीनरी टीनशैड में आयोजित शिविर के माध्यम से वार्ड क्रमांक 08 एवं 09, 23 जुलाई को फक्कड चौराह पर आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के निवासियों का 24 जुलाई को नवीन बस स्टैण्ड पर आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 के निवासियों का तथा 25 जुलाई को पारख जी के बाग में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 18, 19, 20, 21, 22 के निवासियों का पंजीयन किया जायेगा। उक्त योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के ऐसे व्यक्ति जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये से कम है तथा जो पीएफ, ईसीआईसी, एनपीएस में पंजीकृत नही है, ऐसे श्रमिक और कर्मचारी उक्त पेंशन योजना में अपना पंजीयन करा सकते है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित होंगे।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इसके अंतर्गत पात्र श्रमिक नियमित अंशदान के माध्यम से 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रूपये की सुनिश्चित पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार के शिविर जनपद पंचायत श्योपुर एवं नगरीय निकाय बडौदा में भी 25 जुलाई तक आयोजित किये जा रहे है।

### छात्रावास में रहकर पढ़ने वाले बच्चों को लेकर भी हुआ निर्णय

# वैष्णव समाज की बैठक में प्रस्तुत किया गया वार्षिक आय-व्यय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वैष्णव समाज विकास समिति की बैठक रविवार को छात्रावास भवन पर समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई बैठक शाम 4 बजे तक चली। इस बैठक में वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। इसके आलवा समाज विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष योगेंद्र वैष्णव ने आय-व्यव को ब्योरा पढ़कर सुनाया। जिसमें उन्होंने बताया कि समिति को सालभर में 14 लाख 37 हजार 708 रुपए की आय प्राप्त हुई है, जबकी 13 लाख 84 हजार 447 रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद समिति के पास 53261 रुपए शेष बचे हैं। बैठक को संबोंधित करते हुए अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव ने कहा कि समाज विकास में सभी लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। वैष्णव बच्चे पढ़ाई लिखाई अच्छें अंक से पास होकर समाज के नाम रोशन कर रहे है, वहीं सामाजिकबंधु शासकीय नौकरी, राजनीतिक क्षेत्र में होकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। बैठक में छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को रखने को लेकर भी निर्णय लिया गया। इस छात्रावास भवन में 20 बच्चे रखे जाएंगे। 20 किमी दूर गांव से आने वाले और अच्छे अंको से पास होने वाले बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा छात्रावास में रहने वाले बच्चों से बिजली बिल शुक्ल के रूप में 500 रुपए प्रति छात्र से लिए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक दौरान महामंत्री दीपक वैष्णव, सह महामंत्री कैलाश वैष्णव, रामकरण वैष्णव, संयोजक रघुवीर वैष्णव दांतरदा, भवानीशंकर वैष्णव कुड़ायता, संरक्षक शंभूदयाल वैष्णव राजपुरा, निर्माण समिति अध्यक्ष सीताराम वैष्णव, उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश बैरागी, कार्यक्रम प्रभारी रघुवीर शर्मा जैनी, रामभरोस वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप वैष्णव, मीडिया प्रभारी सुरेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।



### शिव महापुराण के लिए निशुल्क दिया जाएगा छात्रावास

29 जुलाई से छात्रावास भवन में शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। पंडित महावीरशंकर गौतम द्वारा महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए वैष्णव समाज विकास समिति द्वारा बैठक में छात्रावास भवन और टेंट निःशुल्क दिए जाने का निर्णय बैठक में लिया गया है।

# प्रेमसर में युवा संगम रोजगार मेला 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर स्थित तुलसी संकुल संगठन प्रेमसर के कार्यालय में 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी आशीष कुमार जैन ने बताया कि एमएसएमई, रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग-अलग स्वरोजगार योजना के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत पनवाडा एवं बरगवा का भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने रविवार को कराहल विकासखण्ड के ग्राम पनवाडा एवं बरगवा का भ्रमण कर पशु प्रजनन, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा की गई। पशुपालकों से चर्चा करने पर पाया कि उन्हें पशुपालन संबंधी सभी जानकारियां प्रदान की गई हैं तथा पशु पोषण, स्वास्थ्य एवं कृत्रिम गर्भाधान विशेषकर सेक्स शॉर्टड सीमन के बारे में उन्हें पूरी जानकारी पशुपालन विभाग के मैत्री, गौ सेवक व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा समुचित रूप से उपलब्ध कराई गई है। इनके द्वारा सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग कर गिर नस्ल की बछिया उत्पन्न कर उनका पालन पोषण किया जा रहा है।

# जिला मुख्यालय पर सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कथित पेपर लीक के मामलों और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में देश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में रविवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी आम आदमी पार्टी के द्वारा विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

विरोध मार्च को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगातार सामने आ रहे कथित पेपर लीक के मामलों ने लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। वर्षों तक कठिन परिश्रम करने वाले अभ्यर्थियों का विश्वास परीक्षा प्रणाली से उठता जा रहा है। यदि समय रहते दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो देश के युवाओं का शिक्षा व्यवस्था से भरोसा पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इस अवसर पर आप के प्रदेश सचिव अनिल मीणा, जिला अध्यक्ष रीता चौहान, प्रेम बाई टैगोर, स्टार प्रचारक चतुर्भुज प्रजापति, मांगीलाल बैरवा, छात्र नेता अभिषेक मीणा कलोनी, चंद्रप्रकाश सेनी, रामरूप सुमन, पवन, विकास जैदा एवं राकेश मीणा सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

### कोई टॉवर तो कोई टंकी पर चढकर पुलिस व प्रशासन पर लगा रहा आरोप

# वीरपुर में 50 फीट ऊंचे बीएसएनएल टावर पर चढी महिला बोली प्रशासन मेरी जमीन का गलत कर रहा सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए जिले के लोग इन दिनों मोबाइल टॉवर और पानी की टंकी पर चढकर शोले फिल्म का वीरू बन रहे है और पुलिस व प्रशासन पर उनकी समस्या को न सुनने का आरोप लगा रहे है। टंकी और टॉवर पर चढने वाले लोगो को नीचे उतारने के लिए पुलिस और प्रशासन को काफी पसीना बहाना पढ रहा है। विजयपुर में एक युवक के पानी की टंकी पर चढ जाने की घटना को अभी 24 घंटे भी नहीं गुजरे कि अब वीरपुर में एक महिला 50 फीट ऊंचे बीएसएनएल टॉवर पर चढ गई। रविवार की सुबह आठ बजे ही मोबाइल टॉवर पर चढ गई महिला का आरोप है कि प्रशासन उसकी जमीन का गलत सीमांकन करके उसे छीनने का प्रयास कर रहा है। अब महिला के आरोप में कितनी सच्चाई है यह तो प्रशासन की जांच के बाद ही बताना संभव हो पाएगा,लेकिन फिलहाल महिला को टॉवर से नीचे उतारने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के पसीने छूट रहे है। महिला को टॉवर से नीचे उतारने के लिए न केवल एसडीओपी और टीआई मौके पर पहुंच गए है,बल्कि एसडीएम विजयपुर और वीरपुर तहसीलदार भी मौके पर पहुंचकर महिला को टॉवर से नीचे उतरने की समझाइस दे रहे है। लेकिन खबर लिखे जाने तक महिला टॉवर से नीचे नहीं उतर पाई और महिला के टॉवर चढने के ड्रामे को देखने के लिए बडी संख्या में लोगो की भीड मौके पर लग गई है।

वीरपुर कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने स्थित बीएसएनएल टॉवर पर रविवार की सुबह करीब आठ बजे के आसपास ग्राम लीलदा निवासी महिला रामा पत्नी बाबूलाल रावत चढ गई। टॉवर पर चढी महिला रामा आरोप लगा रही है कि प्रशासन के अधिकारी उसकी श्यारदा में मौजूद जमीन का गलत सीमांकन करके उससे छीनने का प्रयास कर रहे है। यदि उसकी जमीन छिन गई तो उसके परिवार के समक्ष भूखो मरने का संकट खडा हो जाएगा। महिला का कहना है कि उसकी जमीन का गलत सीमांकन करने वाले अफसरों को हटाया जाए और उसकी जमीन का सही सीमांकन कराया जाए।



### विजयपुर में टंकी पर चढ़ा युवक बडी मुश्किल से नीचे उतरा

रविवार को महिला के टॉवर पर चढने की घटना से पहले शनिवार को विजयपुर में एक युवक पानी की टंकी पर चढ गया और उसने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगा दिए। पानी की टंकी पर चढे युवक का आरोप है कि पुलिस ने उसकी पत्नी को गायब कर दिया है। जबकि पुलिस युवक के आरोप को गलत बता रही है। युवक काफी समझाइस के बाद ही टंकी से नीचे उतर सका। जिसके बाद ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### श्यारदा में बनेगा जलशोधन केंद्र, आवंटित जमीन पर अतिक्रमण

दरअसल जिले के 377 गांवों में पेयजल की आपूर्ति कराने के लिए शासन चंबल पेयजल परियोजना को धरातल पर उतार रहा है। इसके लिए वीरपुर तहसील क्षेत्र के श्यारदा गांव में इस परियोजना के तहत जल शोधन केन्द्र बनाया जाएगा। जहां चंबल नदी से पानी उठाए जाने के बाद उसे शुद्ध किया जाएगा। जलशोधन केन्द्र बनाए जाने के लिए यहां प्रशासन के द्वारा जमीन आवंटित कर दी गई है। मगर आवंटित जमीन पर आसपास के लोग अतिक्रमण करके उस पर खेती कर रहे है। प्रशासन सीमांकन करके अतिक्रमण में बनी जमीन को मुक्त कराकर उसे जल निगम को सौंपने की कार्रवाई करने जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो अतिक्रमण करने वाले लोग कब्जे वाली जमीन को छोडना नहीं चाह रहे है। महिला के टॉवर पर चढने की घटना भी सीमांकन की कार्रवाई को रोकने का ही एक हिस्सा है।

# बगैर फार्मर आईडी वाले किसान भी प्राप्त कर सकते है ई-टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार जिले में किसानों को उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए ई-विकास प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि जीके पचौरिया ने इस संबंध में बताया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसान घर बैठे डिजिटल टोकन जनरेट कर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। आधार एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर किसान ई-टोकन बुक कर सकते हैं तथा उन्हें एसएमएस और मोबाइल एप के जरिए जानकारी भी प्राप्त होती है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से संबंधित प्रकरणों का सत्यापन राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जिसके बाद किसान ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक ले सकते हैं। ई-टोकन की वैधता 72 घंटे निर्धारित की गई है। इस अवधि में उर्वरक प्राप्त नही करने पर ई-टोकन स्वतः ही निरस्त हो जाता है, इसके बाद नया टोकन बनाना होगा। जिन किसानों के पास ई-टोकन नही है, और फार्मर आईडी नही बनी है, वे वन अधिकार पट्टा, राजस्व पट्टा, सिकमी किसान, मृत किसान की भूमि, वृद्ध, दिव्यांग किसान, मंदिर, धार्मिक संस्था की भूमि विशेष प्रयोजन आदि में किसान संबंधित एसडीएम के सत्यापन उपरांत ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक का उठाव कर सकते है। किसान स्वयं, एमपी ऑनलाइन अथवा कियोस्क सेंटर के माध्यम से भी टोकन जनरेट करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे सही समिति अथवा विक्रय केंद्र का चयन कर डिजिटल सुविधा का लाभ उठाएं।

# दीपेश होंगे श्योपुर के तहसीलदार, गुर्जर को सौंपी विजयपुर तहसीलदार की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा श्योपुर जिले में स्थानांतरित होकर आये तहसीलदार दीपेश धाकड को श्योपुर तहसील का तहसीलदार पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही तहसीलदार मस्तराम गुर्जर को तहसील दार विजयपुर की जिम्मेदारी सौपी गई है। दोनो तहसीलदारों को आहरण-संवितरण अधिकार सहित पदस्थी का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मप्र अग्रवाल महासभा की पुरुष-महिला कार्यकारिणी का आज होगा गठन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से अशोकनगर में महासभा की पुरुष एवं महिला कार्यकारिणी का गठन आज किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। इस आयोजन में अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी समाज की एकता, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा युवा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी। संगठन के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने के साथ- साथ समाजहित के विभिन्न कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ देने का निर्णय लिया है। तथा विश्वास व्यक्त किया है कि नई टीम संगठन की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य करेगी।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी सोनू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू, रजक, भानू रजक और अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचायी और तोड़फोड़ की। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेश कॉलोनी निवासी ऊषा रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव मालवीय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा चैराहा निवासी छोटू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय और दिलीप बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से संजय बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छोटू, राहुल और धंसू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वायपास रोड चंदेरी निवासी विजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरवाह निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लवकुश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हर्रा निवासी सरोज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उमेश आदिवासी ने पानी भरने के ऊपर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत ग्राम मारूप में 16 वर्षीय किशोरी पुत्री चन्द्रभान जाटव ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### जागेश्वरी देवी लोक निर्माण में लाल पत्थर पर रोक

# सिंधिया बोले: स्थानीय पत्थरों से सहेजी जाए चंदेरी की विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने तीन दिवसीय अशोकनगर दौरे के तहत शुक्रवार देर शाम चंदेरी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न नेताओं व कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और किला कोठी पर रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह कार्यकर्ताओं से भेंट करने के बाद केंद्रीय मंत्री सीधे प्रसिद्ध माता जागेश्वरी देवी के दरबार पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी की आरती उतारी।





#### भव्य लोक का औचक निरीक्षण

पूजा-अर्चना के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने माता जागेश्वरी देवी के बनाए जा रहे भव्य लोक के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सिंधिया के साथ कलेक्टर साकेत मालवीय, जिला पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### लाल पत्थर के उपयोग पर लगाई रोक, लोकल को बढ़ावा

समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। कार्य में लग रहे लाल पत्थर पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सिंधिया ने इसके उपयोग को तुरंत रोकने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा चंदेरी की अपनी एक समृद्ध ऐतिहासिक और क्षेत्रीय विरासत है। इसे सहेजने के लिए बाहर के लाल पत्थर की बजाय चंदेरी और ग्वालियर के स्थानीय पत्थरों का उपयोग किया जाए, ताकि स्थानीय कला और विरासत को बढ़ावा मिल सके।



#### चंदेरी सिविल अस्पताल जल्द बनेगा, पुरानी इमारतें होंगी जमींदोज

मीडिया से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी के स्वास्थ्य ढांचे को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि दिशा की बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को चंदेरी सिविल अस्पताल के निर्माण को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। सिंधिया ने निर्देश दिए हैं कि अस्पताल का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाए। इसके लिए वर्तमान अस्पताल परिसर, पंचायत भवन और कृषि भवन सहित पुरानी संरचनाओं को धराशायी (जमींदोज) करके उसी जगह पर एक आधुनिक और भव्य अस्पताल की नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी।

## ग्राम पारकना में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम पारकना में लगभग 51 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि विकास कार्यों में परकाना की कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने वाली 9 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएँ भी शामिल हैं। यह विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने का संकल्प है। हमारे मुंगावली का प्रत्येक गाँव विकास की नई ऊँचाइयों को छुए और जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए, इसी उद्देश्य के साथ हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जन प्रतिनिधिगण,अधिकारीगण एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### 10 डॉक्टरों की टीम ने 48 दिव्यांग बच्चों की जांच कर दिया परामर्श

## फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अंजनी जनकल्याण संस्थान समिति द्वारा अंजनी समर्थ केंद्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सरस्वती माता का पूजन कर विधायक निर्मला सप्रे ने किया। शिविर में शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय डीबीएल भोपाल से आए डॉक्टर सोनिया श्रीवास्तव, डॉक्टर सूर्यकांत सहित 10 डॉक्टरों की टीम के द्वारा 48 दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर फिजियोथैरेपी की एवं परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि दिव्यांगों का जीवन कष्ट से भरा होता है। संस्था दिव्यांगों को सहारा देने का अद्भुत कार्य कर रही है। हम सभी को किसी न किसी रूप में दिव्यांगों के दुखों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। डीबीएल संस्था भोपाल से बीना आकर दिव्यांगों को निशुल्क सेवा देने का कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगों को लाभ लेना चाहिए।

डॉक्टर सोनिया श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी संस्था पैरालिसिस से ग्रस्त मरीजों का भोपाल में उपचार करती है। उनके रहने, रुकने, भोजन एवं उपचार की सभी व्यवस्थाएं निशुल्क है। ऐसे मरीजों को हमारी संस्था से लाभ लेना चाहिए। संस्था संचालक नंदराम कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रीति लखेरा, शशि कुशवाहा, ममता रजक, प्रियंका राय, कृष्णा कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, सुनीता राय, कल्पना चौरसिया, शांति बाई कुशवाहा, अंतरा कुशवाहा, सतीश पटेल, अभिनंदन, राकेश सुमन, राकेश माली, बलराम कुशवाहा, नारायण सिंह राय, फिजियोथैरेपिस्ट अनीता काछी शालिनी कुर्मी, दीक्षा कुशवाहा, शिवानी कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, सुमन आदि बड़ी संख्या में अभिभावक एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## आनंदपुर ट्रस्ट ने उज्जैनी एक्सप्रेस को गुना अशोकनगर-बीना के रास्ते चलाने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित श्री आनंदपुर धाम अद्वेतमत के अनुयायिओं का देश का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की मांग को लेकर श्री आनंदपुर ट्रस्ट ने उज्जैन देहरादून उज्जैनी एक्सप्रेस को व्हाया गुना-अशोकनगर-बीना के रास्ते चलाए जाने की मांग की है। इस आशय का मांग पत्र केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रदान किया गया है।

उज्जैनी एक्सप्रेस 14309 और 14310 एक्सप्रेस ट्रेन जब प्रारंभ हुई थी तब तत्कालीन केन्द्रीय रेल मंत्री माधव राव सिंधिया द्वारा ग्वालियर को उज्जैन से जोड़ने के लिए उज्जैन ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेन बीना अशोकनगर गुना के रास्ते चलाए जाने की शुरूआत की थी, ताकि संसदीय क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो सकें। बाद में रेल विभाग ने इस ट्रेन को दिल्ली तक बढ़ाकर देहरादून तक विस्तार कर दिया। यह ट्रेन अशोकनगर सहित कईं जिलों के लाखों नागरिको के लिए सीधी दिल्ली से जोड़ने वाली ट्रेन थी,इसके अलावा श्री आनंदपुर में वैशाखी और गुरूपूर्णिमा पर लगने वाले मेलों के साथ साल भर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह ट्रेन जीवन रेखा एक्सप्रेस थी। लेकिन रेल विभाग ने इस सुविधा को छीन लिया है और इसे उज्जैन से गुना तक चलाते हुए इसका रास्ता शिवपुरी ग्वालियर होकर कर दिया है। शिवपुरी जिले को लाभान्वित किया गया है और अशोकनगर जिले की उपेक्षा की गई है जबकि गुना जिले को तो लाभ ट्रेन चाहे शिवपुरी होकर चले या अशोकनगर होकर चलेगा लाभ तो मिल रहा था, लेकिन अशोकनगर से यह सुविधा छीन ली गई। यह कोई छोटी मोटी ट्रेन नहीं थी अपितु इस क्षेत्र के कईं बार सांसद रहे कैलाशवासी रेल मंत्री माधवराव सिंधिया की यादगार ट्रेन थी, जिसे छीन लिया गया है, जबकि गुना से इन्दौर देहरादून ट्रेन पहले से ही चलती है। एक ट्रेन चलने के बाद दूसरी ट्रेन भी छीन ली गई, यह वहीं इन्दौर देहरादून ट्रेन हैं कभी कांग्रेस की सरकार में रेल मंत्री रही ममता बनर्जी ने इस ट्रेन को गुना की स्टेशन पर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था। सवाल यह है कि इन्दौर देहरादून ट्रेन का लाभ जब शिवपुरी को मिल रहा था तब उज्जैनी का मार्ग क्यों बदला गया, क्या अशोकनगर जिले की जनता गुना संसदीय क्षेत्र में नहीं आती, क्या यहां के मतदाता अपने नेता को चुनने के लिए वोट नहीं देते, जब सब कुछ सही है तब सुविधाओं को छीना जाना यहां की जनता के साथ छल किया जाना है ऐसी स्थिति में या तो दिल्ली के लिए कोई ट्रेन दी जाए या फिर उज्जैनी एक्सप्रेस को इसी रास्ते से चलाया जाए।

## आराध्या राजपूत ने सीनियर महिला वर्ग एवं अंडर- 17 आयु वर्ग में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



इंदौर में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप में शहर की बेटी आराध्या राजपूत ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सीनियर महिला वर्ग में सिल्वर मेडल एवं अंडर- 17 आयु वर्ग में सिल्वर मेडल जीत कर शहर का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि इन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के आधार पर ही मध्य प्रदेश की टीम निर्धारित होती है और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेती है। इस सफलता पर शहर वासियों, स्थानीय खिलाड़ियों एवं शुभचिंतकों ने आराध्या राजपूत एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विशेष लोक अदालत में 40 प्रकरण का निराकरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला न्यायालय अशोकनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में पराक्रम्य लिखित अधिनियम धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरणों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त विशेष लोक अदालत का संचालन नोडल अधिकारी सुनील कुमार कौशिक के समन्वय एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार को आपसी समझौता के आधार पर विवादों के शीघ्र, सरल एवं कम व्यय में निराकरण के लिए प्रेरित किया गया। विशेष लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय अशोकनगर में किशोरकुमार निनामा, तृतीय जिला एवं प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं प्रिया चैहान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, अशोकनगर की खण्डपीठ का गठन किया गया। साथ ही तहसील न्यायालय मुंगावली हेतु पारूल चैकसे राय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, तहसील चंदेरी हेतु महेन्द्र सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं तहसील न्यायालय ईशागढ़ हेतु श्वेता आर्य,व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड खण्डपीठ का गठन किया गया।

विशेष लोक अदालत के दौरान न्यायालयों में लंबित धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरणों में पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 05 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल 49 प्रकरण रखे गये जिसमें से 40 मामलों का निराकरण हुआ। 86,76,205/-रूपये (छयासी लाख छियात्तर हजार दो सौ पांच रूपये) राशि का अवार्ड पारित हुआ। विशेष लोक अदालत के एक उल्लेखनीय प्रकरण में विनोद कुमार जैन राजेश अग्रवाल परिवर्तित नाम को लगभग 52 लाख की 04 चेकों के माध्यम से उधार दी गई। व्यवसाय में अप्रत्याशित हानि होने के कारण प्रतिवादी द्वारा निर्धारित समय पर उक्त राशि का भुगतान नहीं कर सके। परिणामस्वरूप वादी विनोद जैन द्वारा धारा 138 अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में परिवादी की ओर से उमेश प्रताप सिंह यादव अधिवक्ता एवं अपिलार्थी की ओर से संदीप तिवारी, अधिवक्ता ने प्रभावी पैरवी की। दिनांक 18.07.2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत में दोनों पक्षकारों को आपसी संवाद और समझौता के लिए प्रेरित किया गया। खण्डपीठ के.के. निनामा, तृतीय जिला अतिरिक्त सत्र न्यायधीश के अथक प्रयासों से दोनों पक्षों के मध्यम सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई, जिसके फलस्वरूप विवाद का आपसी सहमति से समाधान निकल सका। पक्षकारों ने भुगतान की शर्तों पर सहमति व्यक्त करते हुये समझौता किया।

### इनर व्हील क्लब अशोकनगर के नए सत्र का अधिष्ठापन समारोह का आयोजन

# 'बेटियों की नींव बचपन से ही मजबूत करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इनर व्हील क्लब ऑफ अशोकनगर के सत्र 2026-27 का अधिष्ठापन समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा यादव रहीं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं इनर व्हील प्रार्थना के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा यादव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि बेटियों की नींव बचपन से ही मजबूत करें, क्योंकि संस्कार और शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने इनर व्हील क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग देने का






विश्वास दिलाया। निवर्तमान अध्यक्ष एवं वर्तमान आई.पी.पी. सरिता अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के सेवा कार्यों एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पूर्व सचिव एवं वर्तमान कोषाध्यक्ष चैतन्य मनोरिया ने वर्ष 2025-26 की सचिवीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात सरिता अग्रवाल ने नई अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल को कॉलर पहनाकर विधिवत पदभार सौंपा। इस मौके पर किरण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि अनुराधा यादव का परिचय दिया तथा नीलू सेठ ने नई अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल का परिचय दिया।

अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में क्लब की आगामी कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि इनर व्हील क्लब मित्रता एवं सेवा के मूल मंत्र के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा प्रकल्पों को पूरे वर्ष निरंतर संचालित करेगा। उन्होंने वर्ष 2026-27 की अपनी टीम का परिचय कराया, जिसमें उपाध्यक्ष डिम्पल सदाना, सचिव रिचा जैन, आई.एस.ओ. अर्चना बंसल, सामुदायिक संयोजक (सी.सी.) विजेता कंसल एवं कोषाध्यक्ष चैतन्य मनोरिया शामिल हैं। सचिव रिचा जैन' ने क्लब द्वारा अब तक संपन्न सेवा प्रकल्पों का विवरण प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्ष की योजनाओं एवं प्रस्तावित सामाजिक परियोजनाओं की जानकारी दी। समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण से संबंधित आगामी प्रकल्पों का भी अनावरण किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह का प्रभावी एवं आकर्षक मंच संचालन पूजा जैन एवं आकांक्षा जैन ने किया।

## एचएमआईएस पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचएमआईएस पोर्टल संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सीएचओ, एएनएम, सेक्टर प्रभारी और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों को पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण डाटा प्रविष्टि एवं रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.जयकृत सिंह राजपूत ने प्रतिभागियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए एचएमआईएस पोर्टल पर होने वाली सामान्य त्रुटियों को चिन्हित किया और उनके सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समय पर और त्रुटिरहित




डाटा प्रविष्टि को स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी निगरानी के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिले से आए एमएंडई अधिकारी नेमा ने पोर्टल की कार्यप्रणाली, डाटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट भी लिया गया, ताकि उनकी वर्तमान जानकारी का आकलन किया जा सके। कार्यशाला का उद्देश्य डाटा की गुणवत्ता में सुधार, रिपोर्टिंग की त्रुटियों में कमी और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना रहा।